BHADOHI POLICE

प्रेस विज्ञप्ति

जनपद भदोही **दिनांक-27.02.2025**

◆थाना भदोही पुलिस टीम को मिली कामयाबी

◆पैसे के लेनदेन की बात को लेकर उस्तरे से हमला कर एक व्यक्ति को घायल करने का आरोपी गिरफ्तार

◆हमले में प्रयुक्त आला जुर्म उस्तरा बरामद

दिनांक 25.02.2025 को सायं थाना भदोही क्षेत्र अंतर्गत मुंशीलाटपुर में पैसे के लेनदेन की बात को लेकर आरोपी मुहमद्दीन उर्फ शेरा उम्र 28 वर्ष पुत्र गुलाम मंसूरी निवासी आलमपुर नई बस्ती थाना व जनपद भदोही द्वारा इरशाद अहमद पुत्र मकबूल निवासी आलमपुर नई बस्ती थाना व जनपद भदोही वर्तमान पता ग्राम मलेथु थाना चौरी जनपद भदोही को उस्तरे से हमला कर घायल कर दिया गया। घायल मजरुब को तत्काल ईलाज हेतु अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों द्वारा ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मजरुब के पत्नी समा परवीन से प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्समय ही आरोपी उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-98/2025 धारा-109 बी.एन.एस का अभियोग पंजीकृत करते हुए गिरफ्तारी के प्रयास सहित अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

श्री अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक द्वारा जानलेवा हमले में शामिल अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक 27.02.2025 को स्थानीय पुलिस द्वारा उस्तरे से हमला कर घायल करने की घटना में शामिल आरोपी मुहमद्दीन उर्फ शेरा उम्र 28 वर्ष पुत्र गुलाम मंसूरी निवासी आलमपुर नई बस्ती थाना व जनपद भदोही को सुल्तानपुर नहर के पास से गिरफ्तार करते हुए कब्जे से हमले में प्रयुक्त आला जुर्म उस्तरा बरामद कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान सम्बंधित मा0 न्यायालय किया गया।